नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर

विटनरी महाविद्यालय में कच्चा अनाज का वितरण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अधीनस्थ पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, जबलपुर में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को लॉक डाउन के कारण कच्चा अनाज खरीदने में हो रही असुविधा को देखते हुए माननीय कुलपति, डॉ.. सीता प्रसाद तिवारी द्वारा निर्देशित किया गया था कि इस संदर्भ में जिला प्रशासन कार्यालय से सहायता प्राप्त करने हेतु अनुरोध किया जायें । इस बावत जिला प्रशासन कार्यालय द्वारा परोपकार के कार्य में संलिप्त अनाज वितरण समिति के माध्यम से पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, जबलपुर में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को कच्चे अनाज का वितरण किया गया, इसके लिए विश्व विद्यालय प्रशासन, जिलाधिकारी श्री भरत यादव जी एवं जिला प्रशासन को ह्रदय से आभार व्यक्त करता है ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान वि.वि., जबलपुर